Title: Reported incident of a bomb explosion on the route of Sealdah-Rajdhani Express on 20.12.2004.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : अध्यक्ष महोदय, 19.12.2004 को सियालदह राजधानी एक्सप्रेस में रात्रि को हमारी पार्टी के नेता और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जॉर्ज फर्नान्डीज़, संसदीय बोर्ड के नेता श्री शरद यादव, संसदीय दल खए नेता श्री नीतीश कुमार, पार्टी के नेता तथा पूर्व रेल राज्य मंत्री श्री दिग्विजय सिंह तथा पार्टी के प्रवक्ता श्री शिव कुमार आ रहे थे। जैसे डई गया-मुगलसराय रेल्वे सैक्शन में राजधानी पार हुई, अचानक बम विस्फोट हुआ। इस विस्फोट की घटना आज अखबारों में आई है। यह भी पता चला है कि उसमें कुछ पर्चे मिले हैं जो एम.सी.सी. से संबंधित हैं।

अध्यक्ष महोदय, हम लोगों को यह अंदेशा है कि जब हमारे नेता झारखंड में रैली को संबोधित करके आ रहे थे और बिहार में चुनाव होने वाले हैं, हमारी पार्टी के नेताओं की हत्या करने की साजिश की गई है। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या सचमुच में ये पर्चे एम.सी.सी. वालों के हैं या किन्ही दूसरे लोगों का इस में हाथ है। हमें तो यह शंका है कि *------*(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : ऐसा बोलना ठीक नहीं है। Please show it to me. I will decide about it. You can ask for proper investigation.

...(*Interruptions*)

श्री प्रभुनाथ सिंह : अध्यक्ष जी, इस गंभीर सवाल की सी.बी.आई. द्वारा जांच की जानी चाहिये ताकि जांच से पता चल सके कि इस घटना के पीछे किसका हाथ है। आखिर उस सैक्शन पर राजधानी के पार करते ही अचानक विस्फोट हो गया। चुनाव के समय एक तरह से इस तरह नेताओं की हत्या की साजिश की जा रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि इस घटना की सी.बी.आई. द्वारा जांच कराये जाने की कार्यवाही की जाये।

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA (SOUTH DELHI): I want to be associated with it. ...(*Interruptions*) इतने बड़े-बड़े नेताओं की हत्या की साजिश की जा रही है।

SHRI SANTOSH GANGWAR (BAREILLY): I want to be associated with it. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Their names will be recorded.

...(*Interruptions*)